चंबल ने तोड़ा 26 साल का रिकार्ड, गंगा-यमुना धर रहीं भयावह रूप

राजस्थान के कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने से उप्र, मप्र में मुसीबत

जागरण टीम, नई दिल्ली : वर्षा होने व राजस्थान के कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने से चंबल सहित गंगा-यमुना आदि नदियां उफना उठी हैं। आगरा में चंबल नदी 1996 का 26 साल पुराना रिकार्ड तोड़कर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गुरुवार सुबह इसका जलस्तर 135.40 मीटर रिकार्ड किया गया, जोकि खतरे के निशान से पांच मीटर ऊपर था। ऐसे में राजस्थान, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में लोगों को सामने मुसीबत खड़ी हो गई है। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में तो नदी के किनारे बसे सैकड़ों गांव डूब क्षेत्र में आ गए हैं। नदी के समीप के अनेक गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क कट गया है। बाढ़ राहत एवं बचाव के लिए सेना को उतारना पड़ा है।

गंगा-यमुना भी भयावह रूप धर रही हैं। इनके चलते प्रयागराज और वाराणसी के कई इलाके बाढ़ की विभीषिका से घिर गए हैं। लगातार भयावह होती स्थिति को देखते हुए वाराणसी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कमिश्नर को फोन कर हालात की जानकारी ली। सभी प्रभावितों तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

लोगों ने छतों पर गुजारी रात

राजस्थान में सेना के जवानों व बचाव दल ने पिछले दो दिन में छह हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। ये लोग गांवों में पानी भरने से फंस गए थे। सैकड़ों लोगों ने घरों की छतों पर रात गुजारी थी। इनके घरों के अंदर पानी भरने से सामान बह गया।

मुरैना में 51 व भिंड में 10 गांव पानी से घिरे : मुरैना में खतरे के निशान से 8.40 मीटर ऊपर बह रही चंबल नदी के पानी से 51 गांव घिर गए हैं। छतों पर बैठकर मदद का इंतजार कर रहे लोगों को सेना के हेलीकाप्टर ने बाहर निकाला। पुलिस व एसडीआरएफ की छह टीमें लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व बाढ़ में फंसे लोगों को खाना पहुंचाने में जुटी हैं। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद सिंह भदौरिया बोट से प्रभावित गांवों में पहुंचे और मदद का भरोसा दिया।

उदयपुर में नदी में बह गए पति-पत्नी : उदयपुर जिले में गुरुवार को बाइक से पुलिया पार करते समय पति-पत्नी नदी में जा गिरे। तेज बहाव में वे मोटरसाइकिल सहित बह गए।

पार्वती नदी में डूबने से एक की मौत: धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। धौलपुर में 80 गांव बाढ़ के कारण अंधेरे में डूबे हुए हैं। बांसवाड़ा की साकलिया नदी में एक बाइक सवार बह गया।

गहलोत ने किया हवाई सर्वे : राजस्थान में गुरुवार को वर्षा थोड़ी थमी, लेकिन प्रदेश के छह जिलों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। सीएम अशोक गहलोत ने बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई सर्वे किया।

nwda.gov.in